# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 26.08.2026 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल देशभर के युवाओं को करेंगे संबोधित, राष्ट्रीय खेल दिवस के तहत कल होगा खेलो इंडिया संवाद।**
2. **कनाडा के वाणिज्य मंत्री ने जमशेदपुर एनएमएल में वैज्ञानिकों से किया संवाद, महत्वपूर्ण धातुओं के पुनर्चक्रण पर भारत–कनाडा के बीच सहयोग पर चर्चा।**
3. **परीक्षा विवादों के बीच जेपीएससी–जेएसएससी की सेवा शर्तों की होगी समीक्षा, तीन सदस्यीय समिति गठित।**
4. **वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा– खनन एक्ट संशोधन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी झारखंड सरकार।**
5. **दिसंबर में सरायकेला–खरसावां में होगी चीफ मिनिस्टर्स ट्रॉफी इंटरनेशनल ग्रैंडमास्टर शतरंज चैंपियनशिप, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रतिनिधिमंडल ने दिया न्योता।**

**********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से खेलो इंडिया संवाद को संबोधित करेंगे। राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 समारोह के अंतर्गत मेरा युवा भारत – माय भारत द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम देश भर में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रत्येक जिले के दो कॉलेजों में युवाओं की भागीदारी के साथ आयोजित किया जाएगा। यह खेल, युवा नेतृत्व, नागरिक जिम्मेदारी, स्वयंसेवा, फिटनेस और राष्ट्र निर्माण को एक साझा मंच प्रदान करेगा। इससे युवाओं को देश की खेल संबंधी महत्वाकांक्षाओं से सीधे जुड़ने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के बाद युवा प्रतिभागियों, माय भारत के स्वयंसेवकों, स्थानीय खिलाड़ियों और जन प्रतिनिधियों के साथ स्थानीय स्तर पर संवाद होगा।

**********************

कनाडा के उच्चायोग के वाणिज्य मंत्री एड जेगर ने आज जमशेदपुर स्थित सीएसआईआर–राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला का दौरा किया। इस दौरान भारत और कनाडा के बीच अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। इस दौरान महत्वपूर्ण धातुओं के रिसाइकलिंग पर विशेष जोर दिया गया। मंत्री ने प्रयोगशाला में नवीन तकनीकों का अवलोकन किया और युवा वैज्ञानिकों से संवाद भी किया।

**********************

राज्य सरकार ने जेपीएससी और जेएसएससी के पदाधिकारियों और कर्मचारियों की सेवा शर्तों तथा नियुक्ति प्रक्रिया की समीक्षा के लिए तीन सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति गठित की है। विकास आयुक्त की अध्यक्षता वाली समिति में कार्मिक और वित्त विभाग के सचिव सदस्य होंगे। समिति दोनों आयोगों की संवैधानिक और वैधानिक स्वायत्तता बरकरार रखते हुए अपनी अनुशंसाएं सरकार को सौंपेगी। मुख्यमंत्री ने समिति गठन को मंजूरी दे दी है।

**********************

भारत में डिजिटल भुगतान का प्रमुख माध्यम बन चुका यूपीआई आज दस वर्ष का हो गया है। इस अवसर पर जमशेदपुर के दुकानदारों ने यूपीआई की सुविधा पर खुशी जताते हुए केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया। साकची के दुकानदार लल्लन कुमार गुप्ता के अनुसार, क्यूआर कोड से कुछ ही सेकंड में भुगतान हो जाता है। इससे नकदी और खुले पैसे की समस्या कम हुई है।

**********************

भारत में यूपीआई के दस वर्ष पूरे होने पर खूंटी के लोगों और कारोबारियों ने इसे डिजिटल भुगतान में बड़ा बदलाव बताया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सब्जी दुकानदारों से लेकर बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों तक क्यूआर कोड के जरिए भुगतान आसान हुआ है।इस अवसर पर लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया।

**********************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के सभी 18 प्रखंडों में सखी मंडलों और स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं द्वारा बनाई गई राखियों के बिक्री के लिए स्टॉल लगाए गए हैं। झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसाइटी की पहल से महिलाओं को अपने उत्पाद सीधे बाजार तक पहुंचाने का अवसर मिल रहा है। इससे ग्रामीण महिलाओं के लिए अतिरिक्त आय और स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। जिला प्रशासन ने लोगों से स्थानीय महिलाओं द्वारा बनाई गई राखियां खरीदने की अपील की है।

**********************

झारखंड सरकार केंद्र के एमएमडीआर एक्ट में किए गए संशोधनों के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय का रुख कर सकती है। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि राज्य के खनिज हितों और अधिकारों की रक्षा के लिए कानूनी और लोकतांत्रिक स्तर पर कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि याचिका का मसौदा तैयार है और अगले सप्ताह सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर किए जाने की संभावना है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी इस पर सहमति जताई है।

**********************

आदित्यपुर में सरकारी जमीन पर कथित कब्जे और अवैध प्लाटिंग की तैयारी के मामले में अंचल प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है। गम्हरिया के अंचल अधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि निरीक्षण में कोई पक्का या अवैध निर्माण नहीं मिला, लेकिन जमीन की साफ–सफाई किए जाने की बात सामने आई।

**********************

रांची में एसएसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान 2.0 के तहत पुलिस ने गुम और चोरी हुए 111 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। नवीन पुलिस केंद्र में आयोजित समारोह में बरामद मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे गए। पुलिस अधीक्षक पारस राणा ने बताया कि तकनीकी सेल और थाना पुलिस ने समन्वित कार्रवाई करते हुए तकनीकी विश्लेषण के जरिए मोबाइल फोन को ट्रैक कर बरामद किया।

**********************

घरेलू शेयर बाजार के संवेदी सूचकांक में आज दोपहर के कारोबार में मिलाजुला रुख देखने को मिला। ताजा समाचार मिलने तक सेंसेक्स 95 अंक बढकर 77 हजार 751 पर और निफ्टी 27 अंक गिरकर 24 हजार 308 पर आ गया।

**********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 52 हजार 400 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत दो लाख 52 हजार रूपये प्रति किलो है।

**********************

पलामू के मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र में कल रात बाइक से घर लौट रहे एक युवक को संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लग गई। घायल जितेंद्र पासवान का मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार घटना संदिग्ध है। सदर एसडीपीओ राजेश यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

**********************

दुमका के हंसडीहा थाना क्षेत्र के नोनीहाट में जरमुंडी विधायक देवेंद्र कुंवर के घर रसोईया का काम करने वाले युवक की मौत के मामले में हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई है। युवक का शव पंखे से लटकता मिला। मृतक के चाचा के आवेदन पर विधायक समेत परिवार के नौ लोगों को आरोपी बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने कहा कि मौत को अभी हत्या या आत्महत्या नहीं माना जा सकता। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड मंत्रालय में सरायकेला–खरसावां जिला शतरंज संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को दिसंबर में सरायकेला–खरसावां में प्रस्तावित चीफ मिनिस्टर्स ट्रॉफी इंटरनेशनल ग्रैंडमास्टर शतरंज चौंपियनशिप के आयोजन की जानकारी दी। भारतीय शतरंज संघ और झारखंड शतरंज संघ के संयुक्त तत्वावधान में होने वाली यह प्रतियोगिता स्मृति शेष पद्मश्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन की जयंती को समर्पित होगी।

**********************